## दूसरी तिमाही वर्चुअल कार्यशाला - 13-08-2020

वर्तमान कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों, मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2020-21 के दौरान, कयर बोर्ड मुख्यालय, सभी उप कार्यालयों और शोरूम व बिक्री केन्द्रों में कार्यरत सभी उच्च अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दिनांक 13-08-2020 को संयुक्त रूप से दूसरी तिमाही वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यशाला में कयर बोर्ड के सचिव, निदेशक (वि) प्र., निदेशक (आरडीटीई) प्र. सहित उच्च अधिकारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई । कार्यशाला में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2020-21 में उल्लिखित सभी विशेष रूप से विचारणीय बिंदुओं पर अधिकारियों को अवगत कराया गया और इसमें निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु हर संभव प्रयास करने के लिए सभी से अनुरोध किया गया । सभी उच्च अधिकारियों को राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम 1976 और सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी विषय पर जानकारी दी गई ताकि वे अपने दायित्व अच्छी तरह निभा सकें । कार्यशाला में कंप्यूटर, ई-मेल और वेबसाइट सहित उपलब्ध सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करते हुते हिंदी में काम को बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया । कार्यशाला के संकाय के रूप में डॉ मधुशील आयिल्यत, अधिकारी, रिसर्व बैंक ऑफ इंडिया को आमंत्रित किया । उन्होंने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से कार्यशाला के प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से व्यख्यान दिया । इसके अतिरिक्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने कार्यशाला के दौरान सभी अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे अपने कार्य-व्यवहार में आम जीवन में प्रचलित शब्दों के

प्रयोग पर बल दें । कार्यशाला में कुल 130 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया । कार्यशाला के उपरांत प्रशिक्षित अधिकारियों से कार्यशाला की उपयोगिता पर फीडबैक भी लिया गया । कार्यशाला में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र जारी किया गया ।